परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय
कार्य पत्रक
विषय - हिंदी
(वाच्य)

बहुविकल्पी प्रश्नोत्तर

I. निम्नलिखित वाक्यों के वाच्य बताइए ।

1. आज उसे जमानत मिल गई ।

(क) कर्तृवाच्य   (ख) कर्मवाच्य   (ग) भाववाच्य   (घ) कोई नहीं

2. मुझसे यों चुपचाप नहीं बैठा जाता ।

(क) कर्तृवाच्य   (ख) कर्मवाच्य   (ग) भाववाच्य   (घ) कोई नहीं

3. उससे तो रोया भी नहीं जाता ।

(क) कर्तृवाच्य   (ख) कर्मवाच्य   (ग) भाववाच्य   (घ) कोई नहीं

4. गाँधी जी द्वारा अनेक बार अँग्रेजों को चेताया गया ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) कोई नहीं

5. भगतसिंह को फाँसी दे दी गई ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) कोई नहीं

6. लोगों से सहा नहीं गया ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) कोई नहीं

7. क्रांतिकारियों ने भगतसिंह के बलिदान का बदला जनरल डायर को मारकर लिया ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) कोई नहीं

8. आजादी छीनी जाती है ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) कोई नहीं

9. नेताओं द्वारा बापू को भावभीनी श्रद्धंजलि दी गई ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) कोई नहीं

10. निष्ठावान लोग निष्ठापूर्वक काम किया करते हैं ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) कोई नहीं

II. निम्नलिखित वाक्यों से भाववाच्य वाक्य बनाओ ।

1. जाडों में गर्म पानी से नहाते हैं ।
(क) जाडों में गर्म पानी से नहाया जाएगा ।
(ख) जाडों में गर्म पानी से नहाया जाता है ।
(ग) जाडों में गर्म पानी से नहाया जा रहा है ।
(घ) जाडों में गर्म पानी से नहाया जाता था ।

2. उमेश हँसा ।
(क) उमेश हँस नहीं सका ।
(ख) उमेश से हँसा नहीं गया ।
(ग) उमेश से हँसा गया ।
(घ) उमेश से हँसा जाता है ।

III. निम्नलिखित वाक्य से कर्मवाच्य बनाइए ।

1. मैं यह भाषा नहीं पढ सकूँगा ।

(क) मुझ द्वारा यह भाषा नहीं पढी जाएगी ।
(ख) मुझ द्वारा इस भाषा को नहीं पढा जा सकेगा ।
(ग) मुझसे यह भाषा नहीं पढी जा सकेगी ।
(घ) मुझ से यह भाषा नहीं पढी जाएगी ।

2. अशोक पुस्तक पढता है ।

(क) अशोक से पुस्तक पढी जा रही है ।
(ख) अशोक से पुस्तक पढी जाती है ।
(ग) अशोक से पुस्तक पढी जाएगी ।
(घ) अशोक ने पुस्तक पढी ।

3. उन लडकों ने हमें मूर्ख बना दिया ।

(क) उन लडकों द्वारा हमें मूर्ख बनाया गया है ।
(ख) उन लडकों द्वारा हमें मूर्ख बनाया गया ।
(ग) उन लडकों द्वारा हम मूर्ख बना दिए गए ।
(घ) उन लडकों से हम मूर्ख बने ।

4. अँग्रेजी में लिखित यह पत्र मैं नहीं पढ सकूँगा ।

(क) अँग्रेजी में लिखित यह पत्र मुझसे नहीं पढा जाता ।
(ख) अँग्रेजी में लिखित यह पत्र मुझसे नहीं पढा जा सकेगा ।
(ग) अँग्रेजी में लिखित यह पत्र मुझसे नहीं पढा जाएगा ।
(घ) अँग्रेजी में लिखित यह पत्र मुझसे नहीं पढा जा सकता ।

IV. निम्नलिखित वाक्यों से कर्तृवाच्य वाक्य बनाओ ।

1. मुझसे पत्र नहीं लिखा गया ।

(क) मैंने पत्र नहीं लिखा ।
(ख) मैंने पत्र नहीं लिखा था ।
(ग) मैं पत्र नहीं लिखता ।
(घ) मैं पत्र नहीं लिख सकता ।

2. सरकार द्वारा शिक्षा पर बहुत खर्च किया जाता है ।

(क) सरकार ने शिक्षा पर बहुत खर्च किया गया।
(ख) सरकार शिक्षा पर बहुत खर्च किया करती है ।
(ग) सरकार शिक्षा पर बहुत खर्च करती है ।
(घ) सरकार से शिक्षा पर बहुत खर्च किया गया है ।

3. लडकियों द्वारा रात-भर पढा गया ।

(क) लडकियों द्वारा रात-भर पढाई की गई ।
(ख) लडकियों ने रात-भर पढाई की ।
(ग) लडकियाँ रात-भर पढाई करती हैं ।
(घ) लडकियाँ रात-भर पढती थीं ।

V.   निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य वाले वाक्य छाँटिए ।

1. (क) सौम्या सुबह को नहीं उठ सकी ।
   (ख) सुमित द्वारा कविता पढी गई ।
   (ग) रीमा चित्र बनाती है ।

2. (क) सास लड नहीं सकी ।
   (ख) राजा द्वारा प्रजा को कष्ट दिए गए ।
   (ग) कलाकार मूर्ति गढता है ।

3. (क) आज मैच खेला जाएगा ।
(ख) करीम पतंग उडा रहा है ।
(ग) बच्चा खूब रोया ।

VI. निम्नलिखित वाक्यों में से भाववाच्य वाले वाक्य छाँटिए ।

1. (क) लडकों के द्वारा खूब पढा गया ।
(ख) मालती ने खाना खाया ।
(ग) लडकी से सोया नहीं गया ।

2. (क) महेश पतंग उडा रहा है ।
(ख) मुझसे पत्र नहीं लिखा गया ।
(ग) बच्चों से शांत नहीं रहा जाता ।

3. (क) नानी कहानी सुनाएगी ।
(ख) प्रज्ञा द्वारा कल पत्र लिखा जाएगा ।
(ग) गर्मियों में खूब नहाया जाता है ।

VII. निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य वाले वाक्य छाँटिए ।

1. (क) मुझसे पत्र नहीं लिखा गया ।
   (ख) महात्मा गाँधी ने राष्ट्र को शांति और अहिंसा का संदेश दिया ।
   (ग) हमसे इतने दुख नहीं सहे जाते ।

2.(क) मैं कविता पढ सकता हूँ ।
  (ख) मीरा द्वारा कल पत्र लिखा जाएगा ।
  (ग) बच्चों से शांत नहीं रहा जा सकता ।